विद्युत परियोजनाओं की स्वीकृति

2 4 2. **श्री रशीद मसूद :** क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अनेक विद्युत परियोजनाएं काफी लम्बे समय से केन्द्रीय सरकार के पास स्वीकृति के लिए लम्बित पड़ी है ;

(ख) यदि हां तो इस संबंध में परियोजना-वार ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या सरकार इन परियोजनाओं को स्वीकृति देने का विचार रखती है और यदि हां, तो कब तक ?

ऊर्जा मंत्रालय में विद्युत विभाग में राज्य मंत्री (श्रीमती सुशीला रोहतगी) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

कोयला खनन परियोजनाओं की स्वीकृति

243. **श्री रसीद मसूद :** क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अनेक कोयला खनन परियोजनाएं लम्बे समय से सरकार के पास स्वीकृति के लिए लम्बित पड़ी हैं ;

(ख) यदि हां, तो इनका परियोजना-वार ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या सरकार इन परियोजनाओं को स्वीकृति देने का विचार रखती है और यदि हां, तो कब तक ?

ऊर्जा मंत्री (श्री वसंत साठे) : (क) से (ग) एक विवरण संलग्न है ।

विवरण

(क) से (ग) आज के दिन तक कोल इंडिया लि० और सिंगरेनी कोलियरिज कंपनी लि० से सरकार की स्वीकृति के लिए 21 कोयला खनन परियोजनाएं प्राप्त हुई हैं। इनमें से प्रत्येक परियोजना की स्थिति नीचे दी गई है :–

क्रम सं	परियोजना/कंपनी	स्थिति
1.	निगाही ओपेनकास्त परियोजना ना० को० लि०	लोक निवेश बोर्ड द्वारा स्वीकृत। पर्यावरण एवं वन्य संबंधी स्वीकृति प्राप्त
2.	अजन्ता ओपेनकास्ट परियोजना सा० ई० को लि०	लोक निवेश बोर्ड द्वारा स्वीकृति। वन्य एवं पर्यावरण संबंधी स्वीकृति का इंतजार
3.	लौडोहा भूमिगत ई० को० लि०	लोक निवेश बोर्ड द्वारा स्वीकृत। पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त
4.	रामगुंडम ओपेनकास्ट परियोजना सिंग को० कं० लि०	लोक निवेश बोर्ड द्वारा स्वीकृति। पर्यावरण संबंधी स्वीकृति का इंतजार।
5.	मानुगुरू ओपेनकास्ट परियोजना सिं को कं० लि०	अंतरमंत्रालयी ग्रुप द्वारा स्वीकृति। वन्य एवं पर्यावरण संबंधी मंजूरी का इंतजार
6.	पिपरवाय ओपेनकास्ट परियोजना से को लि०	अंतर मंत्रालयी ग्रुप द्वारा स्वीकृति। वन्य एवं पर्यावरण संबंधी स्वीकृति का इंतजार
7.	मुरईडीह ओपेनकास्ट परियोजना भा को को० लि०	अन्तर मंत्रालयी ग्रुप द्वारा स्वीकृत। वन्य एवं पर्यावरण संबंधी स्वीकृति का इंतजार